**न्यायालय**

# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी

## गुढामालानी–बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना–पत्र संख्याः– 2024 / 558 दर्ज तिथिः–23.12.2024

1. करनाराम पुत्र तुलसाराम
2. गंगाराम पुत्र लालाराम
   जाति जाट निवासी जाटों की ढाणी पटवार हल्का सिंधासवा हरनियान तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर

......................प्रार्थीगण

*बनाम*

1. तहसीलदार गुड़ामालानी
2. ओमप्रकाश पुत्र सोनाराम
3. बाबूराम पुत्र सालूराम
4. रामाराम पुत्र सालूराम
5. वीरादेवी पत्नी सालूराम
6. श्रवण पुत्र सोनाराम
7. हितेश पुत्र सोनाराम
   जाति जाट निवासी जाटों की ढाणी पटवार हल्का सिंधासवा हरनियान तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर

.................अप्रार्थीगण

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः–स्वयं
अप्रार्थीगणः–एकतरफा

प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा–131,136
राजस्थान भू–राजस्व अधि.–1956

**–:निर्णयः–**


निर्णय तिथिः–18.07.2025

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 वास्ते निर्णय पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थी द्वारा राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–131, 136 के अन्तर्गत एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि प्रार्थी की खातेदारी आराजी खसरा संख्या 552 / 1 / 6.4750 है0 मौजा जाटों की ढाणी पटवार मण्डल सिंधासवा हरनियान

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.08.08 09:29:42 IST
Reason: SelfAttested


तहसील गुडामालानी जिला बाड़मेर में अवस्थित है। प्रार्थी की उक्त खातेदारी आराजी के पडोस में अप्रार्थीगण की खातेदारी की आराजी खसरा संख्या 552 / 6.5488 है0 मौजा जाटों की ढाणी तहसील गुडामालानी में अवस्थित है। उक्त आराजी का मूल खसरा एक 552 मौजा जाटों की ढाणी तहसील गुडामालानी ही था। भू–पैमाईश के पश्चात् प्रार्थी का उक्त खातेदारी खसरा अलग हुआ। प्रार्थी के अपने खातेदारी खेत पर कब्जा निर्बाध रूप से चल रहा है। प्रार्थी की उक्त आराजी खसरा संख्या 552 / 1 की तरमीम भू–प्रबंधन के दौरान ऑनलाईन तरमीम करते वक्त लट्ठा ट्रेस से भिन्न व गलत तरमीम ऑनलाईन राजस्व नक्शा में अंकित कर दी गई। जिससे प्रार्थी की उक्त खातेदारी आराजी के मौका व ऑनलाईन भू–नक्शा में भिन्नता आ गई। इस हेतु प्रार्थी द्वारा एक प्रार्थना पत्र तहसीलदार गुड़ामालानी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिस पर तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा प्रस्ताव तैयार कर हाजा न्यायालय में तरमीम दुरूस्ती हेतु आवेदन पेश करने की सलाह पर प्रार्थी द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर तहसीलदार रिपोर्ट एवं भू–प्रबंधन के लट्ठा ट्रेस में अंकित तरमीम के अनुसार प्रार्थीगण की आराजी की तरमीम दुरूस्त कर रिकॉर्ड दुरूस्ती कर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया।

2. प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थीगण के बावजूद विधिवत तामिल अनुपस्थित रहने से अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। प्रकरण में तहसीलदार गुड़ामालानी से मौका रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार गुड़ामालानी द्वारा पत्रांक / कोर्ट / आर.ए. / 2025 / 441 दिनांक 21.03.2025 के द्वारा मौका रिपोर्ट प्रेषित की गई। प्रकरण में बहस सुनी गई। दौरान–ए–बहस प्रार्थीगण ने प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण की आराजी की तरमीम मुताबिक तहसीलदार रिपोर्ट एवं भू–प्रबंधन के लट्ठा ट्रेस के आधार पर दुरूस्त कर रिकॉर्ड दुरूस्ती कर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र स्वीकार किये जाने का निवेदन किया। प्रकरण में बहस पर मनन किया गया। प्रकरण में सर्वप्रथम हाल राजस्व नक्शा का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। प्रकरण में विवादित आराजी का हाल राजस्व नक्शा इस प्रकार है:–




Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.08.08 09:29:42 IST
Reason: SelfAttested

5. उक्त हाल राजस्व नक्शे के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण की आराजी खसरा संख्या 552/1 तथा अप्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी आराजी खसरा संख्या 552 मौजा जाटों की ढाणी तहसील गुडामालानी पडोस में अवस्थित है। प्रार्थी द्वारा अपनी खातेदारी आराजी की तरमीम को दुरूस्त करवाने हेतु नक्शा लट्ठा ट्रेस प्रस्तुत किया है। प्रकरण में हाल राजस्व रिकॉर्ड व प्रार्थी द्वारा प्रस्तावित तरमीम के नक्शा लट्ठा ट्रेस का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका तुलनात्मक विवरण निम्न प्रकार हैः—





6. प्रकरण में हाल राजस्व रिकॉर्ड व प्रार्थी द्वारा प्रस्तावित तरमीम के नक्शा लट्ठा ट्रेस के परीक्षण के पश्चात तहसीलदार गुडामालानी के पत्रांक/कोर्ट/आर.ए./2025/441 दिनांक 21.03.2025 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा प्रस्तुत किया है। उक्त

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.08.08 09:29:42 IST
Reason: SelfAttested

तहसीलदार गुडामालानी द्वारा पत्रांक / कोर्ट / आर.ए. / 2025 / 441 दिनांक 21.03.2025 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा का अवलोकन किया जाना आवश्यक है। जिसका तुलनात्मक विवरण निम्न प्रकार हैः—


राजस्थान सरकार NIC-BHUNAKSHA

खसरा नक्शा एंव जमाबंदी(प्रतिलिपि) दिनांक : 12/08/2024 01:31:46 PM

जिला :बाड़मेर तहसील : गुढामलानी भू. अ. नि. क्षेत्र :गुडामालानी

पटवारी हल्का :सिंधासवा हरनीयान ग्राम : जाटों की ढाणी



खसरा संख्या :552 क्षेत्रफल : 6.4588 Hectare खाता संख्या : 66पुराना खाता संख्या :42

भूमि किस्म|क्षेत्रफल लगान |: बा.दोयम | 6.4588, 5.68 ]

1.) ओमप्रकाश पुत्र सोनाराम हिस्सा- 1/6 जाति- जाट सा. देह खातेदार

2.) बाबूराम पुत्र सालूराम हिस्सा- 1/6 जाति- जाट सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 ( पूर्ण खाता ) SBI गुडामालानी

3.) रामाराम पुत्र सालूराम हिस्सा- 1/6 जाति- जाट सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 ( पूर्ण खाता ) SBI गुडामालानी

4.) वीरादेवी पत्नि सालूराम हिस्सा- 1/6 जाति- जाट सा. देह खातेदार हिस्सा-1/6 ( पूर्ण खाता ) SBI गुडामालानी

5.) श्रवण पुत्र सोनाराम हिस्सा- 1/6 जाति- जाट सा. देह खातेदार

6.) हितेश पुत्र सोनाराम हिस्सा- 1/6 जाति- जाट सा. देह खातेदार

प्रमाणित प्रतिलिपि क्रमांक 608 पर दर्ज कर जारी की गई।

सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर एंव सील

12-8-24

हरिकनराम पटवारी सींधासवा हरनीयान तहसील - गुड़ामालानी

नोट :- १. यह प्रपत्र केवल प्रार्थी की जानकारी के लिए है।
२. इसका उपयोग किसी भी न्यायालय में साक्ष्य के रूप में नहीं किया जा सकता है।
३. प्रविष्टियों में संशोधन/सत्यापित प्रतिलिपि हेतु सम्बंधित जिला/तहसील कार्यालय में संपर्क करें। ULPIN no.

7. प्रकरण में तहसीलदार गुडामालानी द्वारा पत्रांक / कोर्ट / आर.ए. / 2025 / 441 दिनांक 21.03.2025 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट के प्रासांगिक विवरण का उद्धरण इस प्रकार हैः—

- *ग्राम जाटों की ढाणी के खसरा संख्या 552, 552 / 1 के बीच की तरमीम लट्ठा ट्रेस व वर्तमान भू—नक्शा में तरमीम में भिन्नता है। वर्तमान भू—नक्शा में की गई तरमीम लट्ठा ट्रेस से भिन्न होने से गलत है। जबकि मौका कब्जा अनुसार ही मौके पर बाड़ भी लट्ठा ट्रेस*

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.08.08 09:29:42 IST
Reason: SelfAttested

*तरमीम अनुसार ही है। वक्त सेग्रीगेशन समय भू–नक्शा में तरमीम गलत हुई है।*

8. प्रकरण में तहसीलदार गुडामालानी द्वारा पत्रांक/कोर्ट/आर.ए./2025/441 दिनांक 21.03.2025 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा तथा हाल राजस्व नक्शा के तुलनात्मक अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण की आराजी खसरा संख्या 552/1 तथा अप्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी आराजी खसरा संख्या 552 मौजा जाटों की ढाणी तहसील गुडामालानी पडोस में अवस्थित है। इस प्रकार हाल राजस्व नक्शा, नक्शा लट्ठा ट्रेस व कब्जे अनुसार प्रस्तावित नजरी नक्शा के अनुसार प्रार्थी एवं अप्रार्थी की आराजी की तरमीम ऑनलाईन भू–नक्शा में लट्ठा ट्रेस से भिन्न अंकित होना स्पष्ट है। साथ ही प्रस्तावित तरमीम से प्रार्थी व अप्रार्थी की आराजी का रकबा समान है। परन्तु कब्जे के मुताबिक तरमीम नहीं की हुई है। तहसीलदार गुडामालानी द्वारा 552/1/6.4750 है0 मौजा जाटों की ढाणी पटवार मण्डल सिंधासवा हरनियान तहसील गुडामालानी के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट से प्रस्तावित तरमीम से प्रार्थी व अप्रार्थी की आराजी का रकबा प्रभावित नहीं होगा। अपितु कब्जे एवं लट्ठा ट्रेस में अंकित तरमीम के अनुसार तरमीम दुरूस्ती की जाकर केवल राजस्व रिकॉर्ड में परिवर्तन होगा। इस प्रकार मुताबिक तहसीलदार गुडामालानी द्वारा पत्रांक/कोर्ट/आर.ए./2025/441 दिनांक 21.03.2025 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा तरमीम दुरूस्त किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

*राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा 131, 136 के अन्तर्गत प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार गुडामालानी को निर्देश दिये जाते हैं कि पत्रांक/कोर्ट/आर.ए./2025/441 दिनांक 21.03.2025 के द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा अनुसार तरमीम दुरूस्ती किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। मौका रिपोर्ट व नजरी नक्शा निर्णय का अनन्य भाग रहेगा।*

उक्त निर्णय की पालना हेतु एक प्रति तहसीलदार गुडामालानी को भिजवायी जावें।

यह आदेश आज दिनांक 18.07.2025 को लिखवाया जाकर सरे–इजलास सुनाया गया एवं अधोहस्ताक्षरकर्ता की मुहर व हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस)
सहायक कलक्टर
गुढामालानी–बाड़मेर

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2025.08.08 09:29:42 IST
Reason: SelfAttested